झारखण्ड सरकार

झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

पत्रांक :– रा0खा0आ0 (शि0)–बोकारो / PDS–18 / 2022– 543

प्रेषक,

संजय कुमार
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
बोकारो।

राँची, दिनांकः– 24.06.2022

विषयः– **शिकायतकर्ता श्री ओम प्रकाश सिंह, District Councilor (07), बेरमो, जिला–बोकारो से प्राप्त शिकायत–पत्र पर कार्रवाई के सम्बन्ध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में निदेशानुसार कहना है कि शिकायतकर्ता श्री ओम प्रकाश सिंह, District Councilor (07), बेरमो, जिला–बोकारो का शिकायत–पत्र आयोग को प्राप्त हुआ है। शिकायतकर्ता द्वारा सूचित किया गया है कि जनवितरण प्रणाली वितरकों को दिनांक–10.06.2022 से गोदाम से **PDS** वितरण केन्द्रों तक परिवहन की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है, जिसके कारण लगभग 100 जनवितरण प्रणाली केन्द्र बन्द हैं एवं लाभुकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अतः प्राप्त शिकायत–पत्र की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित करते हुए निदेशित किया जाता है कि उक्त के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए, कृत कार्रवाई से आयोग को अविलम्ब अवगत कराना सुनिश्चित किया जाय, ताकि लाभुकों को ससमय एवं निर्बाध राशन मिल सके।

अनुलग्नकः– यथोक्त।

विश्वासभाजन

24/6/22

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

ज्ञापांक– रा0खा0आ0 (शि0)–बोकारो / PDS–18 / 2022– 543 राँची, दिनांक–24.06.2022

प्रतिलिपिः– सचिव, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड, राँची को निदेशानुसार सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

24/6/22

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

E:\Ziyaul\Vinod Sir\Letter.docx151

पता–झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के पुराने भवन का द्वितीय तल, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची–834002
email-jharfoodcommission@gmail.com, Ph. No:-06512252267/2252261

0/C